## सावन : पहले दिन शिवालयों में उमड़ी भीड़





रांची। सावन के पहले दिन ही राजधानी के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जल अर्पित करते दिखे। पहाड़ी मंदिर में भी भक्तों की सुविधा का खास ख्याल रखा गया है। यहां अर्घा सिस्टम से जल चढ़ाने की व्यवस्था की गई है। इस वर्ष सावन में 8 सोमवार मनाए जाएंगे, इसीलिए भक्तों की भीड़ भी इस वर्ष ज्यादा होने की संभावना जताई जा रही है। पंडितों के अनुसार इस वर्ष का सावन बेहद खास है, लंबे समय के बाद सावन में मलमास पड़ रहा है।

### रांची में शाम में हुई बारिश, दो दिन बाद राज्यभर में मानसून पकड़ेगा रफ्तार

# मानसून की शुरुआती बारिश से जलजमाव की स्थिति, रमणीक रांची की खुली पोल

**सात और आठ जुलाई को कहीं-कहीं भारी बारिश की चेतावनी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में मंगलवार की शाम में झमाझम बारिश हुई। बारिश के बाद मौसम सुहाना तो हुआ लेकिन बारिश से राजधानी के विभिन्न जगहों पर भारी जलजमाव से लोगों की परेशानी भी बढ़ गयी। कई लोगों के घरों तक पानी घुस गया। वहीं कई गली मुहल्लों में नालियों की उचित व्यवस्था नहीं होने या फिर सिवरेज-ड्रेनेज नहीं होने से गलियां बारिश के पानी से भर गयीं। वहीं जिन इलाकों में फ्लाईओवर के प्रोजेक्ट पर काम हो रहे हैं वहां कीचड़ ओर खराब एप्रोच रोड होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत हो रही है जबकि अभी पूरा मानसून बाकी है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि राजधानी वासियों को आगे और कितनी समस्याएं होंगी।







रांची रेलवे स्टेशन



मौसम विभाग के अनुसार सात और आठ जुलाई को राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में अच्छी बारिश का पूवार्नुमान है। इस दौरान कहीं-कहीं भारी बारिश भी हो सकती है। पूरे झारखंड में सात जुलाई से मानसून जोर पकड़ सकता है। राज्य में अभी भी मानसून की बारिश में कमी है। इस सीजन में अब तक 39 फीसदी बारिश कम है। पिछले 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर अच्छी बारिश हुई है। सबसे अधिक बारिश देवघर के घोरमारा में 85 .2 मिमी हुई। इसके अलावा सिमडेगा, दुमका, लातेहार,हजारीबाग, गोड्ड़ा पाकुड़ आदि जिलों में बारिश हुई।

**अभिषेक आनंद, वैज्ञानिक, मौसम विभाग, रांची**





## ट्रांसपोर्ट नगर में चालकों के लिए सुविधा बढ़ायें : विनय चौबे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे ने कहा है कि ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण हो जाने से राजधानी रांची जाममुक्त होगी। साथ ही, प्रदूषण पर नियंत्रण लगेगा। पर्यावरण की सुरक्षा होगी। उन्होंने सुकरहुटू में बन रहे ट्रांसपोर्ट नगर की प्रगति की निरीक्षण के बाद मीडिया से कहीं। उन्होंने मंगलवार को ट्रांसपोर्ट नगर का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि रिंग रोड के निकट ही लोक जन सहभागिता मोड पर अंतरराज्जीय बस टर्मिनल के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जुडको द्वारा टेंडर आमंत्रित किया गया है। यह भी कहा कि वर्त्तमान के खादगढ़ा बस स्टैंड को पुनर्विकसित किया जायेगा। आईएसबीटी से खादगढ़ा बस स्टैंड को सिटी बस के माध्यम से जोड़ा जायेगा। दोनों बस अड्डों के बीच सिटी बसें चलेंगी। सिटी बसों के परिचालन के लिए एक दो दिनों में टेंडर प्रसारित कर दिया जायेगा।



उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर में जितनी छोटी बड़ी ट्रकों के पड़ाव की व्यवस्था है। उसी के अनुरूप रात्रि विश्राम के डोरमेट्री का भी इंतजाम किया जाये। वर्तमान में 180 शैय्या वाले डोरमेट्री का प्रावधान किया गया है। जबकि प्रथम चरण में कुल 424 वाहनों के पड़ाव की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जो सिर्फ 16 कॉमर्शियल ऑफिस का निर्माण किया जा रहा है, उसकी भी संख्या बढ़ाई जाये। उन्होंने परामर्शी एजेंसी आईडेक के प्रतिनिधि द्वारा सवालों के समुचित जवाब नहीं दिये जाने के कारण नाराजगी जाहिर की। निर्माण की प्रगति पर संतुष्टि भी दिखाई। इस अवसर पर जुडको के परियोजना निदेशक, तकनीकी गोपालजी नाम में शामिल है।

मौके पर परियोजना निदेशक, प्रशासन अरविन्द कुमार मिश्र, परियोजना प्रबंधक शितान्शु वैभव, उप परियोजना प्रबंधक ऋजु श्रीवास्तव और सहायक परियोजना प्रबंधक देवेश भी उपस्थित थे।

## फाइनेंस कर्मी से लूटपाट करने वाले तीन गिरफ्तार

**रांची।** चान्हों थाना क्षेत्र में फाइनेंस कर्मी से हुए लूटकांड का रांची पुलिस ने खुलासा कर लिया है। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर गठित पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए अधनु पाहन, विजय उरांव और दीपक ठाकुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से लूटे गए टैब, 20 हजार नकद, फाइनेंस कंपनी का पहचान पत्र, फाइनेंस कंपनी का 27 पीस कैश मेमो, पासबुक और घटना में प्रयोग की गई बाइक बरामद की गई है। बता दें कि चान्हों थाना क्षेत्र के हर्रा और लेपसर गांव के समीप बंद पड़े ईंट भटठा के पास भारत फाइनेंस कंपनी की मंडल शाखा के कलेक्शन बॉय से 30 जून को डेढ़ लाख रुपये लूट लिया था।

## आयुष्मान योजना में अच्छा करने वाले चिकित्सकों को सीएम करेंगे सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज आईपीएच सभागार नामकुम से 206 नए एंबुलेंस के संचालन का उद्घाटन करेंगे। उन एंबुलेंस का संचालन 108 टोल फ्री नंबर के माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, रांची के सांसद संजय सेठ भी मौजूद रहेंगे।

वहीं आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत राज्य में बेहतर काम करने वाले 83 चिकित्सकों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सम्मानित भी करेंगे। प्राइवेट अस्पताल के दो, जबकि सरकारी अस्पताल के दो डॉक्टरों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही एनएचएम में काम करने वाले चिकित्सकों को भी सम्मान मिलेगा। वहीं आयुष्मान योजना के तहत बेहतर काम करने वाले पांच प्राइवेट हॉस्पिटल, पांच सीएचसी और पांच जिला अस्पताल को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही आयुष्मान के सुलभ संचालन के लिए एबी कनेक्ट ऐप और स्वास्थ्य ज्योति ऐप लॉन्च किया जायेगा। स्वास्थ्य ज्योति ऐप के जरिए आयुष्मान से इलाज की प्रोत्साहन राशि चिकित्सक-पारा मेडिकल कर्मियों के एकाउंट में जायेगी।



**रांची के इन चिकित्सकों को मिलेगा सम्मान** : सदर अस्पताल के सर्जन डॉ अजीत कुमार व मेडिकल ऑफिसर डॉ रुचिका को सम्मानित किया जाएगा। वहीं प्रइवेट अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ राजेश कुमार और आन्कोलॉजी के डॉ कुमार सौरभ को सम्मानित किया जाएगा।




# शिल्प व्यापार मेले का शुभारंभ डीआइजी मैदान में 5 से

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उरांव महिला विकास समिति रांची के तत्वाधान में पहली बार भारतीय शिल्प व्यापार मेला का शुभारंभ डीआईजी मैदान, पल्स अस्पताल के सामने खिजुरिया टोली, सरहुल नगर, बरियातु रोड, रांची में पांच जुलाई को संध्या 5 बजे रांची के सांसद संजय सेठ, कांके विधायक समरी लाल द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति एवं जनजाति मोर्चा रांची महानगर भजपा के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा उपस्थित रहेंगे।

आयोजन समिति के अध्यक्ष संजीव तिवारी ने बताया कि इस आयोजन में भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के लगभग 70 कुशल शिल्पकार बंधु अपनी लगभग



80,000 कलाकृतियों का प्रदर्शन एवं विक्रय करेंगे। जिसमें मुख्य रूप से आसाम का बास का बना हुआ सामान, नागालैंड का ड्राईफ्लावर, दिल्ली की ब्लॉक प्रिंट कुर्ती, कलकता का जूट बैग, मुम्बई की मेला माईन क्रोकरी, लखनऊ का चिकन वर्क, भदोही का विश्व प्रसिद्ध कालीन, सहारनपुर का फर्नीचर, गुजरात का बाधनी सूट, कच्छ की चादरें, मुरादाबाद का पीतल का सामान, जयपुर का मार्बल आर्ट, आगरा की सीनरी, कांजीवरम की साड़ियाँ, जयपुर की सिक्का ज्वेलरी, आन्ध्रप्रदेश का क्रोशिया वर्क, जयपुर का चूरण, हरियाणा के पर्दे, काश्मीर का ड्राई फूट, बांगलादेश की जामदानी की साड़ियाँ, अजमेर की मोजरी, पंजाब का फूलकारी सूट, हाथरस की कांच की ज्वेलरी, बिना पानी का कूलर, बच्चों के लिए ज्ञानवर्द्धक पुस्तकें, बंसत का हैण्ड प्रेस जूशर मशीन, घर के साफ-सफाई के यंत्र, खादीग्रामोद्योग के वस्त्र एवं चरक ग्रामोद्योग सेवा संस्थान कानपुर की आर्युवेदिक दवाईयाँ, ऋषिकेश के शंख, कनौज का चंदन फेशपैक, मद्रास की शंख की ज्वेलरी, मसाज के इलेक्ट्रानिक उत्पाद इत्यादि नाना प्रकार के उपभोक्ता एवं हस्त शिल्प उत्पादों का प्रर्दशन एवं बिक्रय किया जायेगा।

इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य फूलमनी टोप्पो ने बताया कि बच्चों के मनोरंजन के लिए नाना प्रकार के छोटे-छोटे झूलों की व्यवस्था भी आयोजन स्थल पर की गई है। जिसमें मुख्य रूप से टोरा-टोरा, ड्रैगेन ट्रेन, क्लोम्बस, ब्रेक डांस, हवाई झूला, मिक्की माउस, जम्पींग जापान, मोटरबोट, स्कॉपियो, बच्चों वाली छोटी ट्रेन इत्यादि झूलो की भी व्यवस्था आने वाले छोटे-छोटे बच्चों के लिए की गई है।

**सावन उत्सव**

# अग्रवाल सभा महिला समिति का सावन महोत्सव 5 से

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अग्रवाल सभा रांची की महिला समिति शाखा द्वारा 5-7 जुलाई को महाराजा अग्रसेन भवन में तीन दिवसीय सावन मेला हस्तशिल्प कला प्रदर्शनी का आयोजन एवं तैयारियों के साथ उदेश्य की जानकारी देते हुए संगठन के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटादिया ने मंगलवार को मीडिया को बताया कि 24 वां तीन दिवसीय सावन महोत्सव 5 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है। इस महोत्सव सह हस्तशिल्प कला प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य है, समाज की ऐसी महिलाओं को एक मंच पर लाना, जो कुछ करके आत्मनिर्भर होना चाहती है। प्रदर्शनी में 100 से भी ज्यादा स्टॉल लगाए जा रहे हैं।

अग्रवाल सभा के मंत्री मनोज चौधरी ने कहा कि मेले का उद्घाटन श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान



रांची के उपनिदेशक हिंदी की सुमन पाठक 5 जुलाई को 10:30 बजे करेगी। मुख्य अतिथि साईं नाथ विश्वविद्यालय रांची के कुलपति एसपी अग्रवाल होंगे। तथा विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मीरा बथवाल उपस्थित रहेगी। मेले के दूसरे दिन महिलाओं द्वारा सावन सिंघाड़ा का भव्य आयोजन किया जाएगा। सभा द्वारा मेले के समापन में बेस्ट स्टॉल को पुरस्कृत किया जाएगा। अग्रवाल सभा महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल ने बताया कि इस प्रदर्शनी में तरह-तरह की नवीनतम डिजाइनो में रंग-बिरंगे वंदनवार, राखियां लड़कियों एवं महिलाओं के कलात्मक परिधान, एंब्रायडरी वर्क, एप्लिक वर्क, लेस वर्क, चिकन वर्क, एवं ट्रांसफर वर्क, आदि से परंपरागत महिलाएं एकदम एक्सक्लूसिव डिजाइनर को भी प्रस्तुत करेगी। मेले में सजावट के सामान श्रृंगार की सामग्री, कलात्मक बेडशीट, टेबल कवर आदि स्टॉल में रखे जाएंगे।

सावन महोत्सव की संयोजिका अलका सरावगी ने कहा स्टालों में महिलाएं अपनी देखरेख में बनाए गए हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन करेगी। इसके अतिरिक्त लजीज व्यंजनों के स्टाल भी लगाए जा रहे हैं। स्टॉल में जयपुरिया आभूषण, चांदी के आभूषण, पटना से मधुबनी पेंटिंग एवं कोलकाता से ढेरों डिजाइनर साड़ीयां, सलवार सूट, छोटे बच्चों के ढेरों स्पेशल कपड़े, गुजराती और राजस्थानी आइटम, नेपाली कंबल एवं चादरें, इमिटेशन ज्वेलरी, स्टॉल के अलावे मेले में रांची, कोलकाता, जमशेदपुर, पटना, दिल्ली, जयपुर की महिलाएं भाग ले रही है। मेला प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से शाम 7 बजे तक रहेगा। प्रेस वार्ता का संचालन अग्रवाल सभा के मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन मंत्री मनोज चौधरी ने की।

# पांच दिनों के अंदर सरकार ने 60-40 नीति वापस नहीं ली, तो जंतर-मंतर पर प्रदर्शन : देवेंद्र महतो

## झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने राज्यस्तरीय बैठक कर लिया निर्णय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने वर्तमान नियोजन नीति के खिलाफ उलगुलान छेड़ दिया है। उन्होंने कहा कि 5 दिनों के भीतर राज्य सरकार ने 60-40 नीति को वापस नहीं लिया तो जंतर मंतर पर प्रदर्शन करेंगे। यह निर्णय सोमवार को गीतांजलि भवन में आयोजित राज्यस्तरीय महासंगोष्ठी में लिया गया।

बैठक में संपूर्ण राज्य के लगभग 400 आंदोलनकारी नेतृत्वकर्ताओं ने भाग लिया, जिसमें 102 नेतृत्वकर्ता ने अपने विचार रखे। 6 महीनों के आंदोलन के दौरान विभिन्न जगहों पर नेतृत्व करने वाले नेतृत्वकर्ता को क्रान्तिकारी




नाम का मेडल, एफआईआर का सामना करने वाले क्रांतिकारी को माटीपुत्र नाम का मेडल तथा आंदोलन के दौरान खून बहाने वाले को क्रांतिवीर नाम का मेडल देकर सम्मानित किया गया।

बैठक के दौरान राज्य के हर स्वरूप के आंदोलन को एतिहासिक सफल बनाने के बाद भी सरकार द्वारा ठोस निर्णय नहीं लेने के कारण अब आंदोलनकारी छात्र सरकार को पांच दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर सरकार पांच दिनों के अंदर हमारा मांग नहीं मानती है तो आक्रोशित छात्र दिल्ली जाकर जंतर मंतर में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति, भारत सरकार तथा संपूर्ण देश वासियों को बताने का काम करेगें कि 60-40 हकमार नीति के तहत झारखण्डी छात्रों के हक अधिकार का कत्ल किया जा रहा है, भाषा संस्कृति रीति रिवाज परंपरा को मिटाने का साजिश रचा जा रहा है। महासंगोष्ठी में मुख्य रूप से शिक्षाविद सह समाज सेवी विक्टर माल्टो, शिक्षाविद प्रदीप मुर्मू, समाज सेवी टाटीसिलवे निवासी गोविंद महतो, छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो, योगेश भारती, मनोज यादव, वासिल हेंब्रम, श्याम हेंब्रम, बेबी महतो, सानिया कुमारी, प्रियंका एक्का, समेत 102 आंदोलनकारी छात्रों ने अपना विचार रखा।

## डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल में फ्रेशर्स डे समारोह का आयोजन



**रांची।** नया सराय स्थित डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल पुनदाग में सोमवार को 11वीं कक्षा के छात्र एवं छात्राओं का पारंपारिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। स्कूल के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने दीप प्रज्वलित करके समारोह का शुभारंभ किया तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बच्चों ने स्वागत गान के साथ-साथ सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। मिस फ्रेशर्स अहाना प्रवीण और मिस्टर फ्रेशर अतुल राज को चयनित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वर्षा, मेघा, अबू तालिब आदि समेत शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा।

## खबर एक नजर में

### एसकेएमयू में अब चांसलर पोर्टल से होगा एडमिशन

**रांची।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के विभिन्न संबद्ध एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर दाखिले के लिए 7 जुलाई से चांसलर पोर्टल के जरिये आवेदन किये जा सकेंगे। कुलपति प्रो डॉ विमल प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कांफ्रेंस हॉल में हुए एडमिशन कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत, सम्बद्ध एवं मॉडल महाविद्यालयों में यूजी प्रोग्राम में नामांकन के लिए 7 जुलाई से चांसलर पोर्टल खोल दिया जायेगा। नामांकन के लिए सभी छात्र-छात्राओं को चांसलर पोर्टल में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा। बैठक में कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा, डीएसडब्लू डॉ संजय कुमार सिंह, मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ रविन्द्र के एस चौधरी, सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ जैनेंद्र यादव, डॉ निलेश कुमार, डॉ स्नेहलता मुर्मू, डॉ अखिलेश तिवारी, डॉ राहुल कुमार संतोष, डॉ इन्द्रा तिवारी, डॉ केपी यादव, डॉ मेरी मार्गरेट टुडू, डॉ एसके सिंह, डॉ आर खान, डॉ राजीव केरकेट्टा, डॉ पूनम हेम्ब्रम, सूरज पाठक आदि उपस्थित थे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में नामांकन लेने का मौका दिया जाएगा, चाहे उन्होंने सीयूईटी-यूजी की परीक्षा दी हो अथवा नहीं। विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत, सम्बद्ध एवं मॉडल महाविद्यालयों में यूजी प्रोग्राम में नामांकन के लिए छात्र- छात्राओं को राज्य सरकार द्वारा संचालित चांसलर पोर्टल से ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

### श्री श्याम मंदिर में हुआ सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 57वां श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन किया गया। श्री श्याम मंदिर में स्थापित श्री हनुमान जी महाराज की प्रतिमा का तुलसी दल, रजनीगंधा, बेली आदि फूलों से मनोहारी श्रृंगार किया गया। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा ने श्री हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेडा, गुड़, चना, केला फल का प्रसाद अर्पित कर श्री हनुमान जी महाराज से झारखंड राज्य की खुशहाली की प्रार्थना की। उन्होंने श्री रामचरितमानस महाग्रंथ का पूजन-वंदन कर पाठ वाचको को चंदन टीका करके आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रवण ढांढनिया ने चना प्रसाद की सेवा निवेदित की।

### एजुकेशन हेल्पिंग हैंड ने मवि हुंदूर में बच्चों को दिये छाते

**रांची।** एजुकेशन हेल्पिंग हैंड ग्रुप की ओर से मंगलवार को राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुंदूर कांके में 125 छात्र-छात्राओं के बीच छाता का वितरण किया गया। डॉ संगीता कुजूर ने कहा बच्चों को इस प्रकार सहयोग करने से बरसात में नियमित रूप से स्कूल आने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। लोगों के छोटे-छोटे आर्थिक सहयोग से ना सिर्फ पढ़ाई के लिये मदद मिल रहे बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक क्षेत्र के कार्यों में मदद मिल रही है।

### डीपीएस में 90 फीसदी से अधिक अंक लानेवाले छात्रों को सम्मान

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची ने मंगलवार को सीबीएसई (2022-2023) बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह के मुख्य अतिथि स्कूली शिक्षा सचिव के रवि कुमार और डीसी रांची राहुल कुमार सिन्हा थे। मुख्य अतिथि ने छात्रों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उन्हें अपने ज्ञानभरे आशीर्वचनों से प्रेरित किया।

### डीएवी बरियातू का छात्र बना लेफ्टिनेंट, स्कूल में सम्मान

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू में मंगलवार को सत्र 2015-2017 के ग्यारहवीं -बारहवीं के विद्यार्थी करण आर्यन को संघ लोक सेवा आयोग की सम्मिलित रक्षा सेवा (सीडीएस) परीक्षा में उत्तीर्ण हो एसएसबी के प्रत्येक स्टेप से पास होकर लेफ्टिनेंट के रूप में अन्तिम रूप से चयनित होने पर बधाई दी गयी। मौके पर विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। प्राचार्य विनय कुमार पांडेय ने कहा कि यह गर्व की बात है कि विद्यालय का छात्र इस देश की सुरक्षा में अपनी सेवाएं देने जा रहा है।

### सीबीएसइ स्कूलों के प्राचार्य हुए सम्मानित

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची में मंगलवार को प्रिंसिपल मीट सह सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीबीएसई पटना रीजन के रीजनल ऑफिसर अरविंद कुमार मिश्रा थे। मौके पर डीपीएस रांची के प्राचार्य एवं सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ राम सिंह के साथ अन्य सिटी कोऑर्डिनेटर, डिप्टी सिटी कोऑर्डिनेटर, सेंटर सुप्रिटेंडेंट्स आदि उपस्थित थे। इस सत्र में रांची जोन के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के 90 से अधिक प्राचार्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत में प्राचार्य द्वारा विशिष्ट मुख्य अतिथि को सादर पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

### रांची विवि के शिक्षकेतर कर्मियों ने दिया धरना

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय शिक्षकेतर कर्मियों ने अपनी मांगों के समर्थन में सोमवार को धरना दिया। वेतन निर्धारण नहीं होने के कारण सालों से कार्यरत कर्मी आक्रोशित हैं। धरना में विश्वविद्यालय के तृतीय व चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी शामिल हैं। इस धरना प्रदर्शन में महिला कर्मचारियों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। धरना प्रतिदिन हर दिन दोपहर 12 से 2 बजे के बीच दिया जा रहा है। इनका कहना है कि 143 कर्मचारियों का वेतन निर्धारण उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है। वेतन निर्धारण के बिना ही कई कर्मचारी रिटायर कर चुके हैं, तो वहीं कई कर्मचारियों की मौत भी हो चुकी है। सोमवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजीत कुमार सिन्हा कर्मचारियों से मिलने आए थे और कर्मचारियों को कहा कि विश्वविद्यालय का एक डेलिगेशन एचआरडी से संपर्क की है। वेतन निर्धारण हो जाने का आश्वासन मिला है।

# संगठन में सहभागी बनें हर कार्यकर्ता : शिबू सोरेन

## झामुमो केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक में संगठन को चुस्त-दुरूस्त करने का निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक में महागठबंधन में बड़े भाई और छोटे भाई के मामले और हक की आवाज की मांग उठी। मंगलवार को रांची के सोहराय भवन में आयोजित बैठक में यह बात खुलकर आयी कि झारखंड में झामुमो बड़े भाई की भूमिका में है, इसलिए यहां पर झामुमो को बड़े भाई की तरह ही हक मिलना चाहिए। इस बार अंतिम निर्णय गठबंधन दल के केंद्रीय नेता बैठकर आपस में तय करेंगे।

पार्टी नेता विनोद पांडेय ने बताया कि 15 दिनों के अंदर पार्टी की कमेटी घोषित कर दी जाएगी। गौरतलब हो कि 18 दिसंबर 2021 को पार्टी का महाधिवेशन रांची में हुआ था। जिसमें शिबू सोरेन अध्यक्ष और हेमंत सोरेन कार्यकारी अध्यक्ष चुने गए थे। मगर उसके बाद अबतक कमेटी की घोषणा नहीं हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन ने कहा कि हम अक्सर केंद्रीय



समिति, जिला समिति, प्रखंड समिति की बैठक करते हैं। मगर इसमें सभी की आम सहभागिता नहीं हो पाती है। संगठन को मजबूत करने के लिए इसमें सभी की सहभागिता जरूरी है। जब संगठन मजबूत होगा, तभी हम मजबूत होंगे, सरकार मजबूत होगी।

सांसद विजय हांसदा ने मीडिया से सवाल जवाब के क्रम में कहा कि प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष के तौर पर बाबूलाल मरांडी पार्टी की कमान संभालेंगे। विपक्षी दल होने के नाते भले भाजपा झामुमो के खिलाफ चुनावी मैदान में अगले साल होनेवाले चुनाव में दिखेगी। दूसरे दल भी जो चुनाव में खड़े होते हैं, वे चुनौती लाते हैं। पर झामुमो अपनी पार्टी के शीर्ष लीडर शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन के दिशा निर्देश के अनुसार आगे बढ़ रही है। जो काम अभी राज्य में होते दिख रहे हैं, उससे भरोसा है कि राज्य की कमान अगले साल भी सीएम हेमंत सोरेन ही संभालेंगे। लोकसभा चुनाव में भी जनता महागठबंधन का साथ देगी। चौदहों सीट पर परिणाम हमारे गठबंधन के पक्ष में आयेगा।

विधायक सरफराज अहमद ने मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्य में अगर सबसे पॉपुलर और भरोसेमंद ट्राइबल फेस है तो वे शिबू सोरेन ही हैं। बाबूलाल मरांडी के मामले में भाजपा लगातार प्रयोग करती रही है। वे सीएम, केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक भी रह चुके हैं पर उनका असर नहीं दिखता। उन्हें खुशी तब होती जब भाजपा उन्हें पीएम पद के लिए आगे करती। पार्टी नेता मनोज पांडेय के अनुसार बाबूलाल जैसे नेता भाजपा के लिए ही चुनौती पेश करेंगे, झामुमो के लिए नहीं। झामुमो की केंद्रीय समिति के बैठक के बारे में जानकारी देते कहा कि इसमें पश्चिम बंगाल, बिहार, ओड़िशा जैसे राज्यों के भी पार्टी नेता शरीक हुए।

**हेमंत सोरेन ने कहा, जो जिम्मेवारी मिली है, उसे पूरा करने के प्रयास में जुटे हैं**

बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी कार्यकारी अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी मुझे सौंपी है। उसे पूरा करने के प्रयास में जी-जान से जुटा हूं। पूरी ताकत झोंक दी है। मगर कई विपरित परिस्थियां पैदा होते रही। आगे भी होती रहेंगी। ऐसे में हम संगठन को मजबूत करके ही इससे निबट सकते हैं। संगठन ही सरकार की असली ताकत होती है।

# कैलिबर टू डिजिटल स्टोर से संचालित जन सुविधा केंद्र का हुआ उद्घाटन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हरमू बाजार में कैलिबर टू डिजिटल स्टोर द्वारा संचालित प्रज्ञा केंद्र (जन सुविधा केंद्र) का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। प्रज्ञा केंद्र का उद्घाटन प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य अरुण कुमार झा (पूर्व पार्षद) ने किया। इस मौके पर श्री झा ने कहा कि हरमू बाजार में जनसुविधा केंद्र की कमी महसूस की जा रही थी। व्यवसायी उपेंद्र कुमार ने नागरिकों की इस समस्या को देखते हुए यहां पर जनसुविधा केंद्र खोला है। यह सराहनीय कदम है।

मौके पर प्रज्ञा केंद्र के संचालक उपेंद्र कुमार ने कहा कि यहां लोगों को किफायती दर पर विभिन्न आवश्यक सेवाएं उपलब्ध होंगी। मोबाइल एवं डीटीएच रिचार्ज, मनी ट्रांसफर, इंश्योरेंस सेवाएं, रेलवे टिकट, हवाई टिकट, पासपोर्ट, ट्रेड लाइसेंस, आयुष्मान योजना, हिंदी व अंग्रेजी टाइपिंग, फोटोकॉपी, लेमिनेशन, आधार भुगतान, क्रेडिट कार्ड सहित अन्य आवश्यक सेवाएं किकायती दर पर उपलब्ध होगी। इस अवसर पर संजय शर्मा, गोपाल सोनी, जीवन विश्वकर्मा, संजय सिन्हा, राधेश्याम चौबे, आरके सिंह, जनार्दन चक्रवर्ती, संजय कुमार, संदीप, गुड्डू सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

# शिक्षा क्षेत्र में उच्चतम गुणवत्ता सुनिश्चित करे सहोदया : के रवि कुमार

## स्कूली शिक्षा सचिव और उपायुक्त के साथ सहोदया स्कूल कांप्लेक्स की हुई बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डॉ एस राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कांप्लेक्स की बैठक मंगलवार को डीपीएस रांची में हुई। इसमें स्कूली शिक्षा सचिव के रवि कुमार और डीसी रांची राहुल सिन्हा भी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता डीपीएस रांची के प्राचार्य सह सहोदया स्कूल कंप्लेक्स के अध्यक्ष डॉ राम सिंह ने की। बैठक को संबोधित करते हुए के रवि कुमार ने शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की और सहोदय स्कूल कम्प्लेक्स की भूमिका के बारे में चर्चा की। उन्होंने सहोदय स्कूल कम्प्लेक्स रांची की महत्वता को मान्यता दी और शिक्षा क्षेत्र में उच्चतम गुणवत्ता को




सुनिश्चित करने की आग्रह किया।

वहीं, डीसी ने शिक्षा के प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सरकार के नवाचारी प्रयासों की सराहना की और सहोदय स्कूल कम्प्लेक्स के संगठन के सदस्यों को समर्थन और सहयोग की प्रशंसा की।

**सहोदया ने सचिव के समक्ष रखी कई मांगें :** बैठक में सहोदया के सदस्यों ने सरकार से स्कूलों को मान्यता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए नियम में संशोधन करना, स्कूलों को किसी भी राजनीतिक बंद से दूर रखने, चुनाव अवधि के दौरान उन स्कूलों में न्यूनतम व्यवधान सुनिश्चित करना जहां बसों को चुनाव के उद्देश्य से ले जाया जाता है, अधिकारियों द्वारा आरटीई के तहत आवेदकों को सही तरीके से चयन करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर भी अनुरोध किया। शिक्षा सचिव सहोदया के सदस्यों को सभी समस्याओं को सुलझाने का आश्वासन दिया।

**बैठक में लिये गये कई और निर्णय :** बैठक में संबंधित विषयों पर सफलतापूर्वक निर्णय लिए गए और आगामी कार्यक्रमों की योजना तैयार की गयी। बैठक में डॉ एस राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कम्प्लेक्स रांची के सदस्य स्कूलों के प्रमुख, प्रशासनिक अधिकारी और शिक्षाविदों ने महत्वपूर्ण योजनाएं तय की हैं, जो शिक्षा क्षेत्र में सुधार को प्रोत्साहित करेंगी। मीटिंग शिक्षा के कई पहलुओं पर चर्चा करने, विचारों का आदान-प्रदान करने और शिक्षा मानकों को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्य हुआ। इस महत्वपूर्ण आयोजन में डॉ एस राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कम्प्लेक्स, रांची के सदस्य स्कूलों के प्राचार्यों, प्रशासकों, शिक्षाविदों की भागीदारी रही।

# एनइपी-2020 के अधिकांश पहलुओं को वर्ष 2025 तक लागू कर लेगा इक्फाई विवि : वीसी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** इक्फाई कैंपस में मंगलवार को शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, झारखंड का स्थापना दिवस मनाया गया। इसके सम्मानित अतिथि के रूप में प्रोफेसर (डॉ.) विजय कुमार सिंह, क्षेत्रीय समन्वयक, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास मौजूद थे। मौके पर विवि के वीसी प्रो. (डॉ.) रमन कुमार झा ने शिक्षा, शिक्षण अध्यापन और शिक्षा प्रणाली के वर्तमान परिदृश्य में बदलाव पर जोर देते हुए पैनल चर्चा की शुरूआत की। उन्होंने आगे राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप समाज में हर स्तर पर शिक्षा प्रदान करने पर प्रकाश डाला और राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के मामले में मौजूद चार स्तरों के बारे में बताया। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के



लिए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 एक मूल्यों और नैतिकता की दृष्टि से मजबूत आधार प्रदान करती है। प्रो झा ने कहा कि इस दिशा में इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड ने एनईपी, 2020 के अधिकांश पहलुओं को वर्ष 2025 तक लागू करने का निर्णय लिया है।

वहीं, प्रो (डॉ.) विजय कुमार सिंह ने झारखंड और भारत दोनों में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के कार्यों के बारे में चर्चा की। समग्र रूप से संगठन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर कई बदलाव लाए हैं। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षण विश्वविद्यालयों को भारतीय मूल्यों और संस्कृति को शामिल करना चाहिए और भावी पीढ़ी के लिए तदनुसार पाठ्यक्रम तैयार करना चाहिये। उन्होंने पिछली शिक्षा प्रणाली और पाठ्यक्रम में अस्पष्टता की ओर इशारा किया, जो भारतीय नायकों के इतिहास और उपलब्धियों से रहित थी। उन्होंने छात्रों के लिए एक अनुशासित परिसर संस्कृति तैयार करने पर भी ध्यान केंद्रित किया। कार्यक्रम में इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड के सभी संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

स्पीड न्यूज

## वज्रपात से महिला और गाय की मौत

**इटकी।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को दोपहर बाद बारिश के दौरान हुई वज्रपात से एक महिला व एक गाय की मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक चचगुरा में सुमि उरांव खेत मे काम कर अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान वज्रपात की चपेट में आ गयी। इधर मलार गांव में खूंटे में बंधी जेना जेवियर टोप्पो की दुधारू गाय की वज्रपात से मौत हो गयी।

## इटकी में 165 लोगों के नेत्र की हुई जांच

**इटकी।** इटकी प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को दृष्टि आई हॉस्पिटल के सौजन्य से निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजन किया गया। शिविर में करीब 165 लोगों की नेत्र की जांच कर उचित परामर्श दिया गया व जरूरतमंदों के बीच दवा का भी वितरण किया गया। शिविर में दृष्टि आई हॉस्पिटल के चिकित्सकों की टीम ने नेत्र जांच किया।

## लाभुकों के बीच बत्तख के चूजे का वितरण

**सोनाहातू।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत सोनाहातू प्रखंड के विभिन्न गांव के 155 महिला लाभुकों के बीच बत्तक चुज्जा का वितरण किया गया। महिलाओं में रोजगार सृजन करने के लक्ष्य को लेकर चुज्जा दिया गया है। इन महिलाओं ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बत्तक पालने का आवेदन दिया था। आवेदन के आलोक में सरकार के द्वारा महिलाओं को 15-15 बत्तख चूजे 90 प्रतिशत यानी 170 रुपये के भुगतान पर वितरण किया गया। बत्तख वितरण में जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा, बीडीओ सुचित्रा मिंज, पशुपालन पदाधिकारी धनंजय कुमार, उप प्रमुख सविता देवी, सांसद प्रतिनिधि दिलेश्वर कोईरी, निशिकांत गोंझू, बारेंदा मुखिया सुभद्रा देवी आदि मौजूद थे।

## भाजपाइयों ने बाबूलाल मरांडी को दी बधाई

**अनगड़ा।** झारखंड के प्रथम मुख्य मंत्री तथा भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर पूर्व विधायक रामकुमार पहान सहित जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष सिकंदर अंसारी समाजसेवी और शिक्षाविद डॉ रिझू नायक अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य जाकीर खान मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो मंडल महामंत्री राजेन्द्र महतो सुनील महतो घनेनाथ महतो अगमलाल महतो नरेश साहु बीरजा मुन्डा शिबु मुन्डा रामेश्वर महतो विजय महतो पंचम मोक्ता अजय सिंह भोक्ता मनेश्वर मुन्डा शिवलाल पहान गबेश्वर महतो इत्यादि ने उन्हें बधाई दी है।

### दुर्घटना में मृत्यु के बाद परिजनों के लिए मुआवजा और नौकरी की मांग पर अड़े ग्रामीण

# फैक्ट्री गेट पर शव रख कर प्रदर्शन

**मुआवजा, नौकरी, बच्चों की पढ़ाई का खर्च और मेडिकल सुविधा देने पर माने ग्रामीण**

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** टाटीसिलवे के टाटी बस्ती के रहनेवाले शत्रुघ्न महतो की मृत्यु से आक्रोशित लोगों ने मंगलवार दोपहर लगभग दो बजे शत्रुघ्न महतो के शव को लेकर फैक्ट्री मुख्य द्वार को जाम कर दिया। सैकड़ों की संख्या में आक्रोशित महिला और पुरुष फैक्ट्री प्रबंधन मुर्दाबाद, मृत शत्रुघ्न के परिजनों को एक करोड़ मुआवजा देना होगा आदि नारे लगा रहे थे मौके पर विधायक राजेश कच्छप, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जिप सदस्य विपिन टोप्पो, उपप्रमुख वीणा देवी, रांची जिला भाजपा महिला अध्यक्ष माधुरी देवी आदि पहुंचे और प्रबंधन से परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग रखी। लगभग चार घंटे के बाद प्रबंधन की ओर से जेनरल मैनेजर नृपेन्द्रनाथ झा द्वारा मृतक शत्रूघ्न के परिजनों को बीस लाख रुपए का मुआवजा, दोनों बच्चों की पढ़ाई के लिए दस हजार रुपए प्रति माह, सलाना पांच लाख रुपए का मेडिकल बीमा, पत्नी बलवंती देवी को नौकरी तथा जब तक नौकरी नहीं करें तबतक आधी तनखवाह देने का लिखित आश्वासन दिया गया। इसके बाद ग्रामीण माने। इसके बाद मृतक शत्रुघ्न के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### मुआवजा में देरी होने पर भड़के लोग

पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने बताया कि प्रबंधन द्वारा दुर्घटना के बाद मृत शत्रुध्न के परिजनों को सूचना दिए बिना मेडिका अस्पताल ले जाया गया और उसके बाद से सुबह विधायक राजेश कच्छप,पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, उपप्रमुख वीणा देवी, जिलाध्यक्ष माधुरी देवी आदि ने प्रबंधन से वार्ता की जिसपर प्रबुधन द्वारा दोपहर बारह बजे तक मुआवजा देने की बात कही गयी थी पर दो बजे तक प्रबंधन द्वारा कोई सूचना नहीं दी गयी जिससे लोग आक्रोशित हो गए। उसके बाद शव को फैक्ट्री के मुख्य गेट पर रखकर प्रदर्शन करने लगे।

### आरागेट रेलवे ट्रैक से सिर कटा शव बरामद

**नामकुम।** मंगलवार सुबह टाटीसिलवे पुलिस ने थाना क्षेत्र के आरागेट सैन्य डेयरी फार्म समीप रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव बरामद किया है। शव का सिर अलग और धड अलग है। थानेदार महेन्द्र करमाली ने बताया कि उन्हे सूचना मिली थी कि डाउन रेल ट्रैक पर सुबह साढे तीन बजे मालगाड़ी से कटने से युवक की मौत हो गयी है। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जब्त कर पोस्टमार्टम हेतू रिम्स भिजवाया। मृतक की शिनाख्त नही हो पायी है। मृतक के कटे सिर में जीभ बाहर निकल आयी है तथा उसके शरीर पर कोई कपड़ा नहीं है। धड़ एक प्लास्टिक के बोरे के अंदर है। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक की हत्या अन्यत्र कर शव को लाकर रेलवे ट्रैक पर रख दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## बेड़ो के ईटाचिल्द्री गांव में वज्रपात से बुजुर्ग की मौत

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के ईटाचिल्द्री में मंगलवार की शाम करीब 5.00 बजे जोरदार बारिश के साथ हुई वज्रपात की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना में मृतक की पहचान लगभग 65 वर्षीय शनि उरांव पिता हिंदू उरांव के रूप में हुई है। इधर सूचना मिलते ही पंचायत के पूर्व मुखिया सह मुखिया पति बुधराम बाड़ा घटनास्थल पहुंचकर घटना की जानकारी पुलिस प्रशासन को दी। पुलिस शव का पंचनामा करते हुए अपने कब्जे में लेकर बेड़ो थाना ले आई। इधर घटना के बाद मृतक शनि उरांव की पत्नी झेबला उरांव, पुत्र सोमा उरांव, पुत्र वधू गेंदों उरांव व दो नाती और एक नतनी समेत पूरे परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार शनि उरांव अपने खेत बारी में गया हुआ था। बारिश होने के बाद वह अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान ईटा चिल्द्री में वज्रपात हो गया।

एक नजर में

## कांवरियों का जत्था बाबाधाम रवाना



**अनगड़ा।** गोंदली पोखर से सैकड़ों कांवरियों का जत्था बाबा नगरी देवघर के लिए मगलवार को रवाना हुए। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा पूर्व भाजयुमो जिला महामंत्री राजू प्रमाणिक मंडल मीडिया प्रभारी राजेंद्र महतो ने गोंदली पोखर से कांवरियों के जथा को रवाना किया। जत्था में कांवर रूपेंद्र महतो, जितेंद्र महतो, सचिन महतो, संदीप महतो, राजू महतो, महावीर, सोनेलाल महतो सहित दर्जनों महिला पुरुष कांवरिया शामिल हैं।

## निर्माणाधीन जल मीनार की ढलाई टूटी

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग परिसर में केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा करीब 7 करोड रुपए की लागत से जल मीनार बनना है और इसकी तैयारी भी चल रही है। लेकिन जल मीनार से पूर्व ही संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग का पोल खोल रही है। जल मीनार बनने के पूर्व छड़ बाइंडिंग और छड़ को सीधा करने के लिए मजबूत थम बनाया गया था। लेकिन एक छड़ को ही सीधा करने में छड़ वाइंडिंग के लिए बना थम का ढलाई दो हिस्सों में बट गया। इससे ग्रामीण काफी चिंतित हैं।

**शपथ पत्र**

मैं लक्ष्मी भारती पिता श्री तिलक महतो ग्राम सिमराडीह जिला गिरिडीह की निवासी हूं। मेरा डॉन बॉस्को एकेडमी मैक्लुस्कीगंज दसवीं कक्षा का मार्कशीट एवं पास सर्टिफिकेट एवं अन्य सर्टिफिकेट में Laxmi Bharti के स्थान में Laxmi Bahrti हो गया है जिस कारण मेरा कोई कॉलेज में एडमिशन नहीं हो पा रहा है Laxmi Bharti एवं Laxmi Bahrti दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है।

सत्यापन

मैं, तिलक महतो एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि कथन मेरी सर्वोत्तम जानकारी, जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य हैं।

## पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधे लगाने का संकल्प लें विद्यार्थी



**रातू।** समर्पणदीप बीएड कॉलेज परिसर में गुरु पूर्णिमा पर पौधरोपण किया गया। इस दौरान छात्र-छात्रायें बेहद उत्साहित दिखे। सभी ने एक.एक पेड़ और पौधे लगाये। प्राचार्य डॉ रजनीश पांडेय ने पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों से पर्यावरण रक्षा का संकल्प लेने की बात कही। कार्यक्रम में कॉलेज के चेयरमैन अभिषेक सिंह, सचिव नवल किशोर गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकास पोद्दार, प्रबंधन समिति के सदस्य जितेंद्र प्रसाद, विशाल सिंह और शैलेन्द्र सिंह ने भी अपनी बातें रखी। संचालन असिस्टेंट प्रो वाशिफ शाह ने किया। मौके पर दशरथ महतो, आनंद कुमार भगत, लीना कुमारी, कन्हैया लाल केशरी, अच्युतानंद मिश्र, सजीत कुमार महतो, कुमारी पुष्पा सिंह, हरजीत कौर, ऋतु जया करकेट्टा, शालिनी सिन्हा मौजूद थे।

## घघारी धाम में शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक



खबर मन्त्र संवाददाता

**लापुंग।** सावन महीने के पहले दिन लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध घघारी बाबा धामए कातिंगकेला के गलगली बाबा धाम और पबीरा के बाबा वनखंडी धाम में श्रावणी मेला का शुभारंभ किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने घघारी बाबा धाम समेत विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक किया और विधिवत पूजा अर्चना की। श्रावणी मेले के पहले दिन शिवालयों में हर हर महादेवए बोल बम ताड़क बमए भोला बाबा पार करेगा जैसा उद्घोष करते हुए श्रद्धालुओं ने भोले बाबा का दर्शन किया और विधिवत पूजा अर्चना की। लापुंग प्रखंड के देवगांव पंचायत अंतर्गत घघारी बाबा धाम में पुजारी तुलसीदास गोस्वामीए अजय दास गोस्वामीए मार्कंडेय दास गोस्वामी किस्टो दास गोस्वामी मंदिर के प्रबंधक तीर्थनाथ सिंह तथा समाजसेवी सुनील उरांव ने श्रद्धालुओं को विधिवत पूजा.अर्चना कराई और विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए अहम भूमिका निभाई। वहीं दूसरी ओर बोकरन्दा पंचायत के सुदूरवर्ती पबीरा पहाड़ के ऊपर समुद्र तल से 2226 फीट की ऊंचाई पर स्थित बाबा बनखंडी धाम की गुफा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना की। जबकि कातिंगकेला के गलगली बाबा धाम सहित दोलैचा, ककरिया, महुगांव, लालगंज सहित दर्जनों गांवों के शिवालयों में शिव भक्तों ने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ भोलेनाथ को बेल पत्र चढ़ाकर की पूजा अर्चना की।

**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।**
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**-: शुद्धि पत्र :-**

इस कार्यालय के पत्रांक 623/जि0प0, दिनांक 14.06.2023 द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन ई0-निविदा आमंत्रण सूचना सं0-07/23-24 (PR No. 300044 District (23-24) # D) से प्रकाशित निविदा में निम्न प्रकार आंशिक संशोधन किया जाता है-

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि - 10/07/2023
2. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय - 12.07.2023 से 18.07.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. जिला परिषद, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate, Affidavit (Original copy) एवं ऑनलाईन समर्पित कागजातों की एक प्रति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 19.07.2023 अपराह्न 03:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान :- जिला परिषद, चतरा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय -20.07.2023 अपराह्न 2:00 बजे।

शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR 301322 (District) 23-24 (D)

## जहां पेड़ गिरा, ग्रामीणों ने वहां लगाये 20 पौधे

**ओरमांझी के बरतुआ के ग्रामीणों में पेड़ों से लगाव**

खबर मन्त्र संवाददाता



गिरे हुए पेड़ के बगल में पौधे लगाते ग्रामीण।

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव बरतुआ में गर्मी के मौसम में एक बड़ा करम पेड गिर गया था। अब मानसून आया तो गांव वालों ने जहां पेड़ गिरा था, उसी स्थान पर 20 सखुआ का पौधा लगा दिए। मंगलवार को पौधरोपन करने पहुंचे गांव के पुजारी जीतू पाहन, ग्रामप्रधान शंकर करमाली, राजकुमार पाहन, पूर्व उपमुखिया नवीन मुंडा, नितिश कुमार मुंडा, चंद्रशेखर चौधरी, गोविन्द बेदिया, विनोद महतो, खिलेशर महतो व रमेश कुमार महतो ने बताया कि गिरा करम का पेड़ काफी पुराना था। जहां पेड़ था वह एक जसपुरिया धार्मिक स्थल भी है। उसी पेड़ के नीचे ग्रामीण पूजा भी करते थें। पेड गिरने के बाद गांव में निर्णय लिया गया कि अब गांव में एक पेड़ गिरेगा तो उसके बदले में 20 पौधा लगाए जाएंगें। वहीं गांव के जंगल के पेड़ पौधों व पर्यावरण संरक्षण के लिए भी ग्रामीणों को जगरूक करने का निर्णय लिया गया है। ग्रामीणों का मानना है कि जंगल व पेड़ पौधों के साथ धार्मिक स्थान गांव का धरोहर है। इसकी महत्व, पहचान व रक्षा करना हम सभी का दायित्व है।

## सेवानृवित्त शिक्षक को किया गया सम्मानित

**ओरमांझी।** सेवानिवृत शिक्षक राजेंद्र सिंह को राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू द्वारा सम्मानित किया गया। मंगलवार को आदित्य साहू के साथ पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेष अध्यक्ष आरती कुजूर व पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू षिक्षक के घर पहुंचे और शाल ओढा कर सम्मानित किया। लगभग 85 वर्षीय शिक्षक राजेंद्र सिंह से खेल षिक्षक भी थे। उनसे आदित्य साहू ने भी स्कूली शिक्षा प्राप्त की है। आदित्य साहू ने कहा शिक्षा व खेल के क्षेत्र में प्रखंड को योगदान काफी महत्वपूर्ण रहा है।

**Deputy Commissioner-cum- District Magistrate, Gumla**
**Development Section, Gumla**
**Email: drdagumla2014@gmail.com website: www.gumla.nic.in**

**Tender Reference No: 650 (ii)** **Date: 28-06-2023**

**Very Short Expression of Interest (EOI):** Expression of Interest for Selection of Technical Agency for Fixation of rates-Supply and installation of Synthetic Badminton Court Mat Indoor- Brand Yonex approved by BWF approved flooring grade 1 and other sports equipment for indoor badminton court at various locations of Gumla.

| | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Expression of Interest for Selection of Technical Agency for Fixation of rates-Supply and installation of Synthetic Badminton Court Mat Indoor- Brand Yonex approved by BWF approved flooring grade 1 and other sports equipment for indoor badminton court at various locations of Gumla. |
| 2 | Period of Work | 30 days |
| 3 | Date of Publication of Bid on website | 03-07-2023 |
| 4 | Bid Cost | Nil |
| 5 | Earnest Money to be Deposited (EMD) | Rs. 15,000.00 in the form of DD (Valid for at least 3 months from the last date of submission of the bid) in favor of **Deputy Commissioner, Gumla** |
| 6 | Pre-Bid Meeting | Date: Time: It will be an online meeting. Thus, interested Agency must put request for **Meeting link** over email before |
| 7 | Last date and time of receipt of Bid | Date: 13-07-2023 |
| 8 | Date and time of opening of Bid | Date: 13-07-2023 |
| 9 | Presentation | Date: 13-07-2023 |
| 10 | Bid submission Place | Vikash Sakha, Gumla |
| 11 | Bid Opening Place | Conference Hall of New Collectorate Building Ground Floor, Gumla-835207 |
| 12 | Contact Number | Email Id: drdagumla2014@gmail.com |

Signature
PR 301336 Rural Development(23-24).D Deputy Commissioner cum,District Magistrate,Gumla

## विधायक सुदेश महतो से मिलीं पदक विजेता वुशु खिलाड़ी सबिता



**सिल्ली।** सिल्ली स्टेडियम परिसर में मंगलवार को रजत पदक विजेता वूशु खिलाड़ी सबिता कुमारी ने सिल्ली बिरसा मुंडा वूशु एकेडमी के संरक्षक सह विधायक सुदेश कुमार महतो से मुलाकात की। विधायक ने उनके उपलब्धि की सराहना की एवं शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। ज्ञात हो कि पिछले 26 से 1 जुलाई तक छत्रपति शिवाजी महाराज स्टेडियम पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित 32 वां राष्ट्रीय सिनियर नेशनल वुशु प्रतियोगिता में सबिता कुमारी ने रजत पदक प्राप्त किया है।

## नगड़ी में विवाह मंडप का शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** मंगलवार को नगड़ी के एडचोरो पंचायत में रांची सांसद संजय सेठ ने नवनिर्मित शिव मंदिर के प्रांगण में सांसद मद से बनने वाले विवाह मंडप का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया! शिलान्यास से पूर्व ग्रामीणों ने सांसद संजय सेठ का पारंपरिक रिति रिवाज से स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि आज देश के सभी गांवों तक सड़क बिजली और पानी पहुंच गया हैए मोदी जी की सभी योजनाएं गरीब कल्याण के लिए बनायी जाती हैए और देश की गरीब जनता इन योजनाओं का लाभ उठा रही है। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि केदार महतो हिंदुआ उरांव शीला देवी नंदकिशोर महतो अजय नायक राजेन्द्र पाण्डेय रामकुमार दुबे कुलदीप तिवारी रमेश राम तिवारी के साथ साथ सैकड़ों ग्रामीण भी उपस्थित थे।

# महादेव के जलाभिषेक को लेकर निकली कलश यात्रा

**महाकालेश्वर धाम ओरमांझी में श्रावणी मेले का उद्घाटन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** श्रावण माह के पहले दिन महाकालेश्वर धाम उलातू ओरमांझी द्वारा प्रखंड क्षेत्र के रमणिक स्थल गगारी पहाड़ स्थित महाकालेश्वर धाम में जलाभिषेक करने के लिए कलश यात्रा निकाली गई। महाकालेश्वर धाम से बाजे-गाजे के साथ निकले भक्तगण चार किमी पैदल यात्रा कर डोमा जलाशय पहुंचे। वहां से कलश में जल भर कालेश्वर धाम पहुंचे और जलाभिषेक किए। वहीं कलश यात्रा में शामिल शिवभक्त बोल-बम और हर-हर महादेव का जयघोष कर रहे थे। कलश यात्रा में भक्तों के साथ राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज बाजपयी, वार्ड सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष सत्यमराज कुशवाहा व शशि मेहता भी शामिल हुए। कलश यात्रा में ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र शाही, मुखिया दीपक बड़ाईक, उपमुखिया संतोष गुप्ता, पूजा समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, रामकुमार महतो, नीरज नायक, अजय साहू, विक्रांत तिवारी, रणधीर साहू, राजेश सिंह, संतोष कुशवाहा, शशिकांत वर्मन सहित महिला-पुरुष शामिल थे।



कलश यात्रा में शामिल राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, पूर्व सांसद रामटहल चैधरी व अन्य भक्तगण।

### श्रावणी मेला का उद्घाटन

मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने श्रावणी मेला महाकालेष्वर धाम का उद्घाटन कर जलाभिषेक व पूजा किया। उन्होंने कहा कि आदि महादेव शिवशंकर के आशीर्वाद से ही सृष्टि चलती है। सनातन धर्म में श्रावण माह का विशेष महत्व है। पूरे माह शिवभक्त श्रद्धा व भक्ति के साथ भगवान शिव की पूजा व जलाभिषेक करते हैं। उन्होने भगवान शिव से सभी देशवासियों की मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की और कहा महाकालेश्वर धाम के विकास में समिति व स्थानीय ग्रामीणों ने काफी मेहनत की है। वहीं समिति के मुख्य संरक्षक अमरनाथ चौधरी ने बताया कि महाकालेश्वर धाम के गर्भगृह में बाबा केदारनाथ के विग्रह का दर्शन होता है। राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू के ही अनुशंसा से धाम स्थल में 22 लाख की लागत से विवाह मंडप का निर्माण हो रहा है। वहीं आदित्य साहू ने 45 लाख का एक और भवन निर्माण कराने की घोषणा की। उन्होने कहा कि इससे विवाह कार्यक्रम में लोगों को काफी सुविधा होगी।

**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, मेदिनीनगर**
**(गोपनीय शाखा)**
Tel No. 06562 -224027 Email id - sdmmedininagar@gmail.com

**मेला निलामी संबंधी आम सूचना**

संख्या................................../ दिनांक................................../

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस वर्ष शहर, मेदिनीनगर स्थित शिवाजी मैदान में दिनांक 12 जुलाई, 2023 से 10 सितम्बर, 2023 तक के लिए मेला लगाने हेतु दिनांक 11.07.2023 को पूर्वाहन् 01.00 बजे अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, मेदिनीनगर के कार्यालय प्रकोष्ठ में खुली डाक बोली/निलामी के माध्यम से शिवाजी मैदान का आवंटन की जायगी। निलामी **की शर्ते निम्नवत है:-**

1. खुली डाक/निलामी की न्यूनतम सुरक्षित राशि, 28,40,200/- (अठाईस लाख चालीस हजार दो सौ) रूपये निर्धारित है। इसके आगे डाकवक्ता को बोली लगाना होगा।
2. जो व्यक्ति शिवाजी मैदान में डिजनीलैण्ड मेला लगाने हेतु खुली डाक/निलामी में भाग लेना चाहते हैं, वे अपना आवेदन पत्र दिनांक 11.07.2023 के पूर्वाहन् 11.00 बजे तक अनुमण्डल कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित कागजात अनिवार्य रूप से संलग्न करेंगे अन्यथा उनकी पात्रता स्वतः समाप्त समझी जायगी और डाक बोली/निलामी में भाग नहीं ले सकेंगे-
   (i) पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड अनिवार्य रूप से तथा वोटर आई0 ई0 डी0 या ड्राईविंग लाईसेंसे में से कोई एक।
   (ii) स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र
   (iii) पेन कार्ड
   (iv) संबंधित जिला के उपायुक्त/पुलिस अधीक्ष द्वारा निग्रत पूर्वपूत चरित्र प्रमाण पत्र।
   (v) मेला संबंधित रजिस्ट्रेशन एक
   (vi) आयकर रजिस्ट्रेशन
3. खुली निलामी में जिस व्यक्ति द्वारा अधिक बोली लगायी जायगी। उससे उसी समय बोली की रकम का 25% की राशि जमा करना होगा।
4. खुली डाक/निलामी प्रक्रिया में निर्धारित तिथि को निर्धारित समय पर उपस्थित होकर आवेदक स्वयं भाग लेंगे। निर्धारित समय के बाद उपस्थित होने पर वे खुली डाक निलामी प्रकिया में भाग नहीं ले सकेंगे।
5. खुली डाक/निलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति डाक बोलने के पूर्व सुरक्षित जमा राशि का 10% अथवा 2,84,020/- (दो लाख चौरासी हजार बीस) रूपये का उपायुक्त, पलामू के पदनाम से बैंक ड्राफ्ट जिला नाजिर के पास जमा करेंगे तभी डाक बोली में भाग ले सकेंगे।
6. सफल डाक वक्ता के द्वारा सबसे अधिक बोली लगायी जायगी।, उन्हें दिनांक 12.07.2023 की संध्या 05.00 बजे तक बोली की सम्पूर्ण राशि का बैंक ड्राफ्ट जिला नजारत में जमा करना होगा, तत्पश्चात् उन्हें डिजनीलैण्ड मेला लगाने हेतु शिवाजी मैदान आवंटित किया जायगा अन्यथा उक्त राशि का बैंक ड्राफ्ट जमा नहीं करने पर उनके द्वारा डाक बोली के पूर्व जमा किये गये सुरक्षित राशि को जब्त करते हुए कानूनी कार्रवाई की जायगी एवं अगले डाक वक्ता को उनके द्वारा लगायी गयी बोली की शेष राशि जमा करने पर उन्हें डिजनीलैण्ड मेला लगाने हेतु शिवाजी मैदान आवंटित किया जायगा।

(6) निर्धारित अवधि समाप्ति के पूर्व ही मैदान खाली करने एवं उसकी साफ-सफाई कराकर नगर निगम, मेदिनीनगर से एन0ओ0सी0 प्राप्त कर जामा करेंगे। निर्धारित अवधि से किसी भी परिस्थिति में मैदान खाली होने में बिलम्ब की स्थिति होने पर डाक राशि के समानुपातिक दर से बिलम्बित अवधिके लिए राशि की वसूली की जायगी। जिसे सफल डाकवक्ता के द्वारा धरोहर के रूप में जमा की गयी राशि से कटौति की जायगी। सफल वक्ता की धरोहर राशि निर्धारित अवधि के समाप्ति के पश्चात् ही वापस की जायगी।
(7) उच्चतम डाक वक्ता द्वारा पुलिस अधीक्षक, पलामू, विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, मेदिनीनगर, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, मेदिनीनगर तथा अग्निशामालय पदाधिकारी, मेदिनीनगर से अनापति प्रमाण पत्र प्राप्त कर मेला प्रारम्भ/उदघाटन करने के पूर्व इस कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। तत्पश्चात् उन्हें डिजनीलैण्ड मेला प्रारम्भ/उदघाटन करने की अनुमति दी जायगी।
(8) निविदा में भाग लेने वाले वक्ता 1. मारूति सर्कस, 2. टावर झूला, 3. ब्रेक डांस, 4. टोरा- टोरा, 5. ड्रेगन ट्रेन, 6. रवका झूला, 7. रेन्जर झूला एवं बच्चों के लिए, 8. घू झूला का फिटनेश प्रमाण पत्र सरकारी ऐजेंजी से प्राप्त कर कार्यालय में समर्पित करेंगे।
(9.) डिजनीलैण्ड मेला में लगने वाले सभी झूला का इंश्योरेंस कराकर इंश्योरेंस की प्रति कार्यालय में जमा करेंगे।
(10) खुली डाक/निलामी/शिवाजी मैदान आवंटन को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने या रदद करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा एवं किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, मेदिनीनगर।

PR.NO.301330 District(23-24):D

